रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

इलाहाबाद, शनिवार, 20 जनवरी, 2018 ई० (पौष 30, 1939 शक संवत्)

भाग 4

निदेशक, षिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश

कार्यालय, सचिव, माध्यमिक षिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

विज्ञप्ति

19 दिसम्बर, 2017 ई0

सं0 परिषद्–9/1045–सर्वसाधारण की जानकारी हेतु विज्ञापित एवं प्रसारित है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2018 से प्रारम्भ हो रहे शैक्षिक सत्र–2018–19 (परीक्षा वर्ष–2019) के कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 से सम्बन्धित विषयों के पाठ्यक्रमों को निम्नवत् निर्धारित किया जाता हैः–

कक्षा–9

हिन्दी

गद्य–

1–रवीन्द्र नाथ टैगोर की कहानी– ''तोता'' को सम्मिलित किया गयाः–

तोता

एक था तोता। वह बड़ा मूर्ख था। गाता तो था, पर शास्त्र नहीं पढ़ता था। उछलता था, फुदकता था, उड़ता था, पर यह नहीं जानता था कि कायदा–कानून किसे कहते हैं।

राजा बोले, "ऐसा तोता किस काम का? इससे लाभ तो कोई नहीं, हानि जरूर है। जंगल के फल खा जाता है, जिससे राजा–मण्डी के फल–बाजार में टोटा पड़ जाता है।"
मंत्री को बुलाकर कहा, "इस तोते को शिक्षा दो!"

(2)

तोते को शिक्षा देने का काम राजा के भानजे को मिला। पण्डितों की बैठक हुई। विषय था, "उक्त जीव की अविद्या का कारण क्या है?" बड़ा गहरा विचार हुआ। सिद्धान्त ठहरा : तोता अपना घोंसला साधारण खर–पात से बनाता है। ऐसे आवास में विद्या नहीं आती। इसलिए सबसे पहले तो यह आवश्यक है कि इसके लिए कोई बढ़िया–सा पिंजरा बना दिया जाय। राज–पण्डितों को दक्षिणा मिली और वे प्रसन्न होकर अपने–अपने घर गये।

(3)

सुनार बुलाया गया। वह सोने का पिंजरा तैयार करने में जुट पड़ा। पिंजरा ऐसा अनोखा बना कि उसे देखने के लिए देश–विदेश के लोग टूट पड़े। कोई कहता, "शिक्षा की तो इति हो गयी।" कोई कहता, "शिक्षा न भी हो तो क्या, पिंजरा तो बना। इस तोते का भी क्या नसीब है।"

सुनार को थैलियाँ भर–भरकर इनाम मिला। वह उसी घड़ी अपने घर की ओर रवाना हो गया। पण्डित जी तोते को विद्या पढ़ाने बैठे। नस लेकर बोले, "यह काम थोड़ी पोथियों का नहीं है।"

राजा के भानजे ने सुना। उन्होंने उसी समय पोथी लिखने वालों को बुलवाया। पोथियों की नकल होने लगी। नकलों के और नकलों की नकलों के पहाड़ लग गये। जिसने, भी देखा, उसने यही कहा कि, "शाबाश! इतनी विद्या के धरने को जगह भी नहीं रहेगी।"

नकलनवीसों को लद्दू बैलों पर लाद–लादकर इनाम दिये गए। वे अपने–अपने घर की ओर दौड़ पड़े। उनकी दुनिया में तंगी का नाम–निशान भी बाकी न रहा।

दामी पिंजरे की देख–रेख में राजा के भानजे बहुत व्यस्त रहने लगे। इतने व्यस्त कि व्यस्तता की कोई सीमा न रही। मरम्मत के काम भी लगे ही रहते। फिर झाड़ू–पोंछ और पालिश की धूम भी मची ही रहती थी। जो ही देखता, यही कहता कि "उन्नति हो रही है।"

इन कामों पर अनेक–अनेक लोग लगाये गये और उनके कामों की देख–रेख करने पर और भी अनेक–अनेक लोग लगे। सब महीने–महीने मोटे–मोटे वेतन ले–लेकर बड़े–बड़े सन्दूक भरने लगे।

वे और उनके चचेरे–ममेरे–मौसेरे भाई–बंद बड़े प्रसन्न हुए और बड़े–बड़े कोठों–बालाखानों में मोटे–मोटे गद्दे बिछाकर बैठ गये।

(4)

संसार में और–और अभाव तो अनेक हैं, पर निन्दकों की कोई कमी नहीं है। एक ढूँढ़ो हजार मिलते हैं। वे बोले, "पिंजरे की तो उन्नति हो रही है, पर तोते की खोज–खबर लेने वाला कोई नहीं है।

बात राजा के कानों में पड़ी। उन्होंने भानजे को बुलाया और कहा, "क्यों भानजे साहब, यह कैसी बात सुनाई पड़ रही है।?"

भानजे ने कहा, "महाराज, अगर सच–सच बात सुनना चाहते हों तो सुनारों को बुलाइये, पण्डितों को बुलाइये, नकनवीसों को बुलाइये, मरम्मत करने वालों को और मरम्मत की देखभाल करने वालों को बुलाइये। निन्दकों को हलवे–मॉड़े में हिस्सा नहीं मिलता, इसीलिए वे ऐसी ओछी बात करते हैं।"

जवाब सुनकर राजा ने पूरे मामले को भली–भॉति और साफ–साफ तौर से समक्ष लिया। भानजे के गले में तत्काल सोने के हार पहनाये गये।

(5)

राजा का मन हुआ कि एक बार चलकर अपनी आँखों से यह देखें कि शिक्षा कैसे धूमधड़ाके से और कैसी बगटुट तेज़ी के साथ चल रही है। सो, एक दिन वह अपने मुसाहबों, मुँहलगों, मित्रों और मन्त्रियों के साथ आप ही शिक्षा–शाला में आ धमके।

उनके पहुँचते ही ड्योढ़ी के पास शंख, घड़ियाल, ढोल, तासे, खुरदक, नगाड़े, तुरहियाँ, भेरियाँ, दमामें, काँसे, बाँसुरिया, झाल, करताल, मृदंग, जगझम्प आदि–आदि आप ही आप बज उठे।

पण्डित गले फाड़–फाड़कर और बूटियां फड़का–फड़काकर मन्त्र–पाठ करने लगे। मिस्त्री, मजदूर, सुनार, नकलनवीस, देखभाल करने वाले और उन सभी के ममेरे, फुफेरे, चचेरे, मौसेरे भाई जय–जयकार करने लगे।

भानजा बोला, "महाराज, देख रहे हैं न?"

महाराज ने कहा, "आश्चर्य! शब्द तो कोई कम नहीं हो रहा!

भानजा बोला, "शब्द ही क्यों, इसके पीछे अर्थ भी कोई कम नहीं!" राजा प्रसन्न होकर लौट पड़े। ड्योढ़ी को पार करके हाथी पर सवार होने ही वाले थे कि पास के झुरमुट में छिपा बैठा निन्दक बोल उठा, "महाराज आपने तोते को देखा भी है?" राजा चौंके। बोले, "अरे हॉ! यह तो मैं बिलकुल भूल ही गया था! तोते को तो देखा ही नहीं!" लौटकर पण्डित से बोले, "मुझे यह देखना है कि तोते को तुम पढ़ाते किस ढ़ंग से हो।" पढ़ाने का ढ़ंग उन्हें दिखाया गया। देखकर उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। पढ़ाने का ढ़ंग तोते की तुलना में इतना बड़ा था कि तोता दिखाई ही नहीं पड़ता था। राजा ने सोचा : अब तोते को देखने की जरूरत ही क्या है? उसे देखे बिना भी काम चल सकता है।! राजा ने इतना तो अच्छी तरह समझ लिया कि बंदोबस्त में कहीं कोई भूल–चूक नहीं है। पिंजरे में दाना–पानी तो नहीं था, थी सिर्फ शिक्षा। यानी ढेर की ढेर पोथियों के ढेर के ढेर पन्ने फाड़–फाड़कर कलम की नोंक से तोते के मुँह में घुसेड़े जाते थे। गाना तो बन्द हो ही गया था, चीखने–चिल्लाने के लिए भी कोई गुंजायश नहीं छोड़ी गयी थी। तोते का मुँह ठसाठस भरकर बिलकुल बन्द हो गया था। देखने वाले के रोंगटे खड़े हो जाते।

अब दुबारा जब राजा हाथी पर चढ़ने लगे तो उन्होंने कान–उमेठू सरदार को ताकीद कर दी कि "निन्दक के कान अच्छी तरह उमेठ देना!"

(6)

तोता दिन पर दिन भद्र रीति के अनुसार अधमरा होता गया। अभिभावकों ने समझा की प्रगति काफी आशाजनक हो रही है। फिर भी पक्षी–स्वभाव के एक स्वाभाविक दोष से तोते का पिंड अब भी छूट नहीं पाया था। सुबह होते ही वह उजाले की ओर टुकुर–टुकुर निहारने लगता था और बड़ी ही अन्याय भरी रीति से अपने डैने फड़फड़ाने लगता था। इतना ही नहीं, किसी–किसी दिन तो ऐसा भी देखा गया कि वह अपनी रोगी चोंचों से पिंजरे की सलाखें काटने में जुटा हुआ है।

कोतवाल गरजा, "यह कैसी बेअदबी है।"

फौरन लुहार हाजिर हुआ। आग, भाथी और हथौड़ा लेकर।

वह धम्माधम्म लोहा–पिटाई हुई कि कुछ न पूछिये! लोहे की सांकल तैयार की गई और तोते के डैने भी काट दिये गये।

राजा के सम्बन्धियों ने हाँड़ी–जैसे मुँह लटका कर और सिर हिलाकर कहा, "इस राज्य के पक्षी सिफ बेवकूफ ही नहीं, नमक–हराम भी है।"

और तब, पण्डितों ने एक हाथ में कलम और दूसरे हाथ में बरछा ले–लेकर वह कांड रचाया, जिसे शिक्षा कहते हैं।

लुहार की लुहसार बेहद फैल गयी और लुहारिन के अंगों पर सोने के गहने शोभने लगे और कोतवाल की चतुराई देखकर राजा ने उसे सिरोपा अदा किया।

(7)

तोता मर गया। कब मरा, इसका निश्चय कोई भी नहीं कर सकता। कमबख्त निन्दक ने अफवाह फैलायी कि "तोता मर गया!"

राजा ने भानजे को बुलवाया और कहा, "भानजे साहब यह कैसी बात सुनी जा रही है?"

भानजे ने कहा, "महाराज, तोते की शिक्षा पूरी हो गई है!"

राजा ने पूछा, "अब भी वह उछलता–फुदकता है?"

भानजा बोला, अजी, राम कहिये!"

(8)

"अब भी उड़ता है?"

"ना; कतई नहीं!"

"अब भी गाता है?"

"नहीं तो!"

"दाना न मिलने पर अब भी चिल्लाता है?'

"ना!"

राजा ने कहा, "एक बार तोते को लाना तो सही, देखूँगा जरा!"

तोता लाया गया। साथ में कोतवाल आये, प्यादे आये, घुड़सवार आये।

राजा ने तोते को चुटकी से दबाया। तोते ने न हाँ की, न हूँ की। हाँ, उसके पेट में पोथियों के सूखे पत्ते खड़खड़ाने जरूर लगे।

बाहर नव–बसन्त की दक्षिणी बयार में नव–पल्लवों ने अपने निश्वासों से मुकुलित वन के आकाश को आकुल कर दिया। (गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगौर)

2–"सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम'' नामक पाठ को सम्मिलित किया गयाः–

सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम

'यातायात' दो शब्द से मिलकर बना हैय "यात+आयात" जिसका अर्थ है आना–जाना। प्राचीनकाल से ही मानव–सभ्यता की समस्त जीवन–शैली आवागमन पर ही निर्भर है। आधुनिक काल में बढ़ते संसाधन एवं विकास क्षेत्र को देखते हुए देश में ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व में यातायात से सम्बन्धित महत्वपूर्ण नियम बनाये गये हैं, क्योंकि इससे न केवल यातायात सुगम बनता है बल्कि सड़क दुर्घटना से होने वाले भयावह खतरों से बचा जा सकता है। आम जनता खासतौर से युवा–वर्ग के लोगों में अधिक जागरूकता लाने के लिये इसे शिक्षा, सामाजिक जागरूकता इत्यादि आयामों से जोड़ा जाना प्रासंगिक हैय क्योंकि विश्व में सड़क–यातायात में मौतें और जख्मी होना एक साधारण घटना हो गयी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष 10 लाख से अधिक सड़क–हादसों के शिकार व्यक्तियों की मौत हो जाती है।

हादसों से बचने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। इसके ज्ञान के अभाव में एवं सुचारू रूप से पालन न करने के कारण भारत में प्रत्येक वर्ष 1,40,000 से अधिक व्यक्ति सड़क–दुर्घटना में मारे जाते हैं। ऐसी विकट परिस्थितियों का अनुमान लगाया जा सकता है कि विश्व भर के कुल वाहनों में से केवल एक प्रतिशत ही वाहन भारत में है, जबकि विश्व की कुल सड़क–दुर्घटना में से 10: हादसे भारत में होते हैं। "विडम्बना यह है कि कोई नियम तब तक अपने लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर सकता जब तक पालनकर्ता उसे आत्मसात करने की कोशिश न करे''।

सड़क यातायात के नियम विवेकपूर्ण होते हैं, और उनका विवेकपूर्ण पालन करना भी आवश्यक होता है। सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा के लिए अनेक कानून एवं नियम बनाए गए हैं, जिसका पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व होता है, जिससे हर कोई सुरक्षित घर पहुँच सके। यदि हम इन नियमों का उल्लंघन करते हैं तो स्वयं के साथ–साथ दूसरों को भी हानि पहुँचाते हैं। यातायात के प्रमुख नियमों को सीखने की सुगमता के अनुसार दो भागों में विभक्त कर सकते हैं– (1) सुरक्षा से सम्बन्धित यातायात के नियम एवं सावधानियाँ; (2) वाहन चलाने के नियम एवं सावधानियाँ।

पैदल, साइकिल एवं रिक्शा चालकों को हमेशा अपनी लेन में अर्थात् बायीं तरफ रहना चाहिए एवं सड़क पार करते समय दायें–बायें देखने के बाद ही आगे बढ़ना चाहिए। व्यस्त सड़कों पर हमेशा जेब्रा–क्रासिंग का प्रयोग करना चाहिए तथा क्रास करते समय कभी यह न सोचना चाहिए कि वाहन चालक उसे देख रहा है। सड़क की संरचनात्मक ढ़ाँचागत सुविधाओं का पूरा उपयोग हो इसलिए सब–वे (तल मार्ग), फुट ओवर ब्रिज सबका पालन नियमगत करना आवश्यक होता है। शार्टकट या आसान विकल्प खोजना खतरनाक हो सकता है।

पैदल यात्रियों को सड़क पार करते समय मोटर–वाहनों एवं अपने बीच पर्याप्त दूरी रखना चाहिए और पार्क की गई या खड़ी गाड़ियों के बीच से रास्ता नहीं बनाना चाहिए। सड़क के खतरों से अधिकांशतः बच्चे ज्यादा प्रभावित होते हैं, जिसमें हमेशा वाहन चालक की गलती नहीं होती है, क्योंकि बच्चों की लापरवाही और जागरूकता की कमी से भी सड़क दुर्घटना की सम्भावना बढ़ जाती है। बच्चे हमेशा बड़ों का अनुसरण करते हैं इसलिए उनके सामने विवशता में भी सड़क के नियम का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और उन्हें "रूके, देखें, सुने, सोचे" का मूल मंत्र बताना व पालन कराना अति आवश्यक होता है।

वाहन चलाते समय यातायात नियम एवं सुरक्षा की जानकारी के साथ–साथ वाहन चलाने की योग्यता, उम्र एवं परिपक्वता की जानकारी भी आवश्यक होती है। सड़कों पर तीव्रता से बढ़ती दुपहिया और चौपहिया वाहनों की भीड़ को व्यवस्थित करने एवं सड़क पर आवश्यक जगहों पर लगे सड़क नियम से (यातायात नियम) सम्बन्धित महत्वपूर्ण संकेतों की जानकारी रखना भी आवश्यक होता है क्योंकि भारत में वर्ष 2011 की अवधि में लगभग 4.9 लाख सड़क दुर्घटनाएँ हुई हैं, जिसमें 142485 लोगों की मृत्यु हुई। वाहन चलाते समय कुछ मानवीय भूले होती है जिससे दुर्घटना हो जाती है, इसलिए ऐसे तथ्यों पर गहन विवेचना की आवश्यकता है। बहुत तेज गति से वाहन चलाना, नशे में गाड़ी चलाना, चालक की ध्यान भटकाने वाली चीजें, लालबत्ती का उल्लंघन करना, सीट–बेल्ट और हेलमेट जैसे सुरक्षा साधनों की उपेक्षा, लेन ड्राइविंग का पालन न करना और गलत तरीके से ओवरटेकिंग करना आदि कारणों से सड़क–दुर्घटना की सम्भावना बढ़ जाती है। इसलिए उपरोक्त निर्देशित समस्त बिन्दुओं पर ध्यान–केन्द्रित करते हुए सावधानी बरतनी चाहिए। वर्तमान में वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के बढते प्रयोग के कारण दुर्घटनाएँ बढ़ी है। सुरक्षा की दृष्टि से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

सभी को पीछे छोड़ने की प्रवृत्ति प्रायः हर किसी में होती हैं, गति में तीव्रता दुर्घटना का जोखिम और दुर्घटना के दौरान चोट की गम्भीरता बढ़ाती है। खुशी के मौके या शौक के कारण लोगों में नशे की प्रवृत्ति होती है; परन्तु नशे की हालत में गाड़ी चलाना, दुर्घटना में वृद्धि करता है। कभी–कभी गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन, होर्डिंग पर ध्यान चले जाना जैसी क्रियाएँ मस्तिष्क–संकेन्द्रक को प्रभावित करता है, इसलिए गाड़ी चलाते समय ऐसी वस्तुओं से दूरी बना लेनी चाहिए। कुछ अन्य बातें भी इसमें शामिल होती है, जैसे गाड़ी का शीशा समायोजित करना, वाहन में स्टीरियो एवं रेडियों का चलाना, सड़क पर जानवरों का आ जाना, विज्ञापन या सूचना पट्ट आदि चीजों से चालक को अपना ध्यान नहीं भंग करना चाहिए और मार्ग–परिवर्तन एवं ध्यान हटाने वाली बाहरी चीजे देखने के दौरान सुरक्षित रहने के लिए वाहन गति धीमी रखने की आवश्यकता होती है।

वाहन चलाते समय चौराहों पर लगी बत्तियों एवं चौराहों पर किस.किस नियम की आवश्यकता होती है उस पर चर्चा जरूरी है। लाल बत्ती संकेत देती है कि वाहन को रूकना है; पीली बत्ती का संकेत

है कि चलने के लिए तैयार होना एवं अन्त में हरी बत्ती का संकेत होता है अब आगे बढ़ना या चलना है। इसके साथ ही चौराहे पर बायें मुड़ना (लेफ्ट टर्न) हमेशा खुला रहने का मतलब है कि बायीं तरफ मुड़ने के लिए या जाने के लिए रूकने की आवश्यकता नहीं है; परन्तु ध्यान रखना होता है कि चौराहे पर हमारी दाहिनी तरफ से आने वाले वाहन से भी हमें बायीं तरफ रहना है और जब तक पर्याप्त जगह न मिले हमें दाहिनी लेन में नहीं आना चाहिए। परिवहन विभाग से जारी किए गये सड़क से सम्बन्धित कई महत्त्वपूर्ण संकेत निर्धारित किए गये हैं, जिसकी जानकारी रखने एवं पालन करने से यातायात को सुगम, सहज एवं सुखद बनाया जा सकता है। सामान्य रूप से उसे दो भागों में बाँटा गया है, ''लिखित संकेत एवं चित्र संकेत''। लिखित संकेतों में शब्दों, अंकों तथा वाक्यों का प्रयोग करके आवश्यक बातें बतायी जाती हैं। लिखित संकेतों का इतिहास बहुत पुराना है पर इनकी संख्या बहुत कम है। 'मील के पत्थर' 'होर्डिंग द्वारा दिशा–निर्देश', 'गंतव्य स्थानों का ज्ञान कराना' तथा सड़क–यातायात से सम्बन्धित अचानक कोई परिवर्तन' आदि की जानकारी देने के लिए लिखित संकेतों का प्रयोग करते हैं कभी–कभी कुछ मार्गों पर यातायात संकेत के साथ 'मोड़', 'तीव्र–मोड़', 'सड़क की मरम्मत हो रही है', कृपया धीरे चलें, सावधान बच्चे हैं" जैसे लिखित संकेतों के माध्यम से भी सावधानी बरतने के लिए आगाह किया जाता है। प्रयोजन के आधार पर चित्र संकेतों को तीन श्रेणी में प्रदर्शित करते हैं–

(क) खतरे की चेतावनी देने वाले संकेत,
(ख) विनियामक संकेत तथा
(ग) सूचनात्मक संकेत।

चित्र संकेतों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उन्हें आसानी से देखा, समझा, और पालन किया जा सकता है, प्रत्येक वाहन चालक को निर्देशित चिह्न को समझकर ही वाहन चलाना चाहिए। परिवहन विभाग द्वारा उक्त चिह्नों का सही ज्ञान कराकर ही वाहन–चालक को वाहन चलाने के लिए ड्राइविंग–लाइसेंस (चालन अनुमति पत्र) दिया जाता है। परन्तु उसका उचित पालन ही यातायात को सुगम एवं सुखदायी बनाता है। चित्र संकेतों के आकार और रंग अलग–अलग होते हैं। लाल रंग के "गोलाकार संकेत" आदेशात्मक होते हैं; लाल रंग के "त्रिकोणीय संकेत" चेतावनी देने वाले होते हैं और नीले रंग के "आयाताकार संकेत" सूचना प्रदायक होते हैं।

यातायात के संकेत "भारतीय रोड–कांग्रेस" (आई0आर0सी0) द्वारा जारी किये जाते हैं तथा संकेत चिन्हों और नियमों का प्रयोग कर बनाये जाते हैं, जिसका अनुपालन देश के सभी नागरिकों से करने की अपेक्षा की जाती है।

यातायात के नियमों का पालन करने में कभी–कभी अन्य गतिरोध उत्पन्न हो जाते हैं क्योंकि अधिकांशतः लोग नियमों की अनदेखी करके अतिशीघ्रता करने की कोशिश करते हैं, जिसके कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है एवं यातायात बाधित होने लगता है। ऐसी परिस्थिति में कभी–कभी विकल्प के अभाव में जनता यातायात के नियमों को तोड़ने के लिए विवश हो जाती है।

परिवहन नियम के अनुसार उक्त समस्याओं से निपटने के लिए विवेकपूर्ण तथ्यों का अनुपालन करना चाहिए जिससे कोई दुर्घटना या परेशानी का सामना न करना पड़े। उल्लिखित परिस्थिति में कभी–कभी सड़क पर झगड़ा (रोड रेज) की सम्भावना बन जाती है जिसको विविध संकेतों से पहचानकर बचा जा सकता है। उदाहरणार्थ–उत्तेजक वाहन चलाना, अचानक तीव्रता लाना और ब्रेक लगाना, सड़कों पर टेढ़ी–मेढ़ी (जिकजैक), ड्राइविंग करना; तीव्र गति में बार–बार लेन बदलनाय अपनी लेन से अचानक दूसरे वाहन के आगे अपना वाहन लाना, जान बूझकर अन्य वाहनों के लिए अवरोध उत्पन्न करना, दूसरे वाहन को पीछे से या बगल से टक्कर मारना; वाहन को दूसरे वाहन के पीछे एकदम से सटाकर चलानाय निरन्तर हार्न बजाना व लाइट फ्लैश करना। वाहन–चालक को समझदारी दिखाते हुए अपने बचाव के लिए ऐसी स्थिति में उलझने से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

यातायात के नियम पालनार्थ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क–सुरक्षा में सुधार करने के लिए विभिन्न कदम उठाये हैंय जैसे– सड़क फर्नीचर, सड़क चिन्ह, (रोड मार्किंग) उन्नत परिवहन प्रणाली का प्रयोग करते हुए राजमार्ग यातायात प्रबन्धन प्रणाली आरम्भ करना, निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदारों में अनुशासन को बनाए रखना, चुनिन्दा क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा ऑडिट इत्यादि। असंगठित क्षेत्रों में भारी मोटर वाहनों के लिए 'पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना, 'राज्यों में ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूलों की स्थापना, दृश्य–श्रव्य तथा प्रिण्ट माध्यमों के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता पर प्रचार अभियान, सड़क सुरक्षा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वैच्छिक संगठनों/व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों का संचालन, वाहनों में सुरक्षा–मानकों को और अधिक सशक्त बनाना, जैसे– 'सीट–बेल्ट', 'पावर–स्टेयरिंग', 'रियर–व्यू–मिरर' इत्यादि। राष्ट्रीय राजमार्ग दुर्घटना सहायता सेवा–योजना के अन्तर्गत विभिन्न राज्य

सरकारों और सरकारी संगठनों को क्रेन तथा एम्बुलेन्स उपलब्ध कराना। राष्ट्रीय राजमार्गों को 2–लेन से 4–लेन, 4–लेन से 6–लेन करने का प्रावधान तथा युवा वर्ग में जागरूकता (सड़क–सुरक्षा) का प्रचार करने की प्रक्रिया को भी शामिल करना है।

अन्ततः यातायात के नियमों के बहुआयामी उद्देश्यों को ध्यान में रखकर प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य बनता है कि वह परिवहन विभाग द्वारा बनाए गये यातायात से सम्बन्धित समस्त सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक संकेतकों एवं नियमों का पालन कर देश की समृद्धि एवं विकास में अहम योगदान देने का प्रयास करें, जिसमें हमारा देश, समाज एवं परिवार सुरक्षित रहकर विकास की पराकाष्ठा को प्राप्त करने में सफल रहे।

(यह प्रकरण एक पाठ के रूप में कक्षा–9 में जोड़ा जायेगा, पर इससे व्याख्यात्मक, प्रसंग और संदर्भ आधारित प्रश्न नहीं पूछे जायेंगे।)

पद्य

1–संत रैदास जी की रचना– ''प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी'' को सम्मिलित किया गयाः–

प्रभु जी तुम चंदन हम पानी। जाकी अंग-अंग बास समानी॥
प्रभु जी तुम घन बन हम मोरा। जैसे चितवत चंद चकोरा॥
प्रभु जी तुम दीपक हम बाती। जाकी जोति बरै दिन राती॥
प्रभु जी तुम मोती हम धागा। जैसे सोनहिं मिलत सोहागा।
प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा। ऐसी भक्ति करै रैदासा॥

विषय–संस्कृत

कक्षा–IX

एक प्रश्न–पत्र 70 अंकों का तथा समय 03 घण्टे होगा।

इस विषय में 70 अंकों की लिखित परीक्षा होगी तथा 30 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा। सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न–पत्र में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का भी उल्लेख होगा तथा उसके उत्तर के रूप में तीन या चार उत्तर प्रश्न–पत्र में अंकित होंगे। उनमें से एक शुद्ध उत्तर होगा। उसका उल्लेख पुस्तिका में छात्र को अंकित करना होगा तथा उनका अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

भारतीय संविधानस्य निर्माता डा0 भीमराव अम्बेडकरः नामक पाठ को निम्नवत जोड़ा गया।

भारतीय संविधानस्य निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकरः

डॉ0 भीमराव अम्बेडकरस्य जन्म अप्रैलमासस्य चतुर्दशदिनांके एकनवत्यधिकाष्टादशशततमे खीष्टाब्दे (14 अप्रैल 1891 ई0) वर्षेऽभवत्। अयं बाबासाहेब इति नाम्ना विख्यातो जातः। अयं भारतीयविधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञः समाजसुधारकश्चासीत्। अयं दलितबौद्धान्दोलनम् अप्रेरयत् दलितोत्थानायाभियानमसंचालयत् च। सः स्वतन्त्रभारतस्य प्रथमविधिमंत्री भारतीयसंविधानस्य प्रमुखवास्तुकारश्चासीत्। अम्बेडकरः विपुलप्रतिभायाः छात्रः आसीत्। सः तु कोलम्बिया विश्वविद्यालयात् लन्दनविश्वविद्यालयात् च अर्थशास्त्रविषये शोधकार्यं (डॉक्टरेट) सम्पादितवान्। स तु विधि – अर्थशास्त्र–राजनीतिविज्ञानस्य शोधकार्ये ख्यातिं लब्धवान्। जीवनस्य प्रारम्भिकोत्थानकाले सः अर्थशास्त्रविषयस्य आचार्यः (प्रोफेसरः) आसीत्। अनन्तरमधिवक्तृकार्यमप्यकरोत्। षट्पंचाशताधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (1956 ई0) सः बौद्धधर्मं स्वीकृतवान्। नवत्यधिकैकोनविंशतिशततमे (1990) खीष्टाब्दे भारतस्य सर्वोच्चनागरिकसम्मानेन भारतरत्नेन अलंकृतोऽयं जातः।

आम्बेडकरमहोदयस्य जन्म भारतस्य मध्यप्रदेशस्य मऊनामके स्थानेऽभवत्। सः तु रामजी मालोजी सकपाल– महोदयस्य एवञ्च भीमाबाई इत्याख्याः चतुर्दशसंख्यकः पुत्रः आसीत् तस्य कुटुम्बः महाराष्ट्रीयः आसीत्। तत् तु इदानीं आंबडवे ग्रामः आधुनिकमहाराष्ट्रस्य रत्नागिरिजनपदे स्थितः अस्ति। सः हिन्दू महारजात्या सम्बन्धितः आसीत्। तस्य जातिं अस्पृश्यं मन्यन्ते तत्कालीनजनाः। अस्मात् कारणात् तेन सह सामाजिक–आर्थिकरूपेण अत्यधिकपंक्तिभेदः प्रचलितः आसीत्। डॉ0 भीमराव अम्बेडकरस्य पूर्वजः बहुकालं

यावत् ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी इत्याख्याः सेनायां कार्यरतः आसीत्। तस्य पिता भारतीयसेनायाः मऊशिविरे (छावनी) सेवायामासीत्। अत्रैव कार्येषु तल्लीनः सः सूबेदारपदवीं प्राप्तवान्। सः महाराष्ट्रीं (मराठी) आंग्लभाषायाञ्च औपचारिकशिक्षायाः उपाधिम् अलभत्। डॉ0 आम्बेडकरः गौतमबुद्धस्य शिक्षायाः प्रभावितःआसीत्। स्वजातेः कारणात् सः अस्मै सामाजिकं प्रतिरोधम् असहत्। रामजी सकपालः विद्यालये स्वपुत्रस्य भीमरावस्य उपनाम सकपालस्य स्थाने आंबडवेकर लेखितवान्। एकः देशस्त ब्राह्मणशिक्षकः कृष्णा महादेव आंबेडकरः तस्मै स्निहयित स्म। सः तस्य नाम्नः अंबाडवेकर परित्यज्य आम्बेडकर उपनाम संयोजितवान्। तस्मात् सः आंबेडकर नाम्ना विख्यातः। आम्बेडकरः अष्टनवत्यधिकाष्टादशशततमे (1898) खीष्टाब्दे पुनर्विवाहोऽयं कृतवान्। गायकवाडशासकः त्रयोदशैकोनिविंशतिशततमे (1913) खीष्टाब्दे संयुक्तराज्य–अमेरिकायाः कोलम्बिया विश्वविद्यालये गत्वाध्ययनाय भीमराव आम्बेडकरस्य चयनमभवत्। एतत् कार्याय सार्द्ध एकादश (11.5) डालर इति प्रतिमासस्य छात्रवृत्तिरपि तस्मै प्रदत्तम्। न्यूयार्कनगरे आगमनस्य पश्चात्

डॉ0 भीमराव आम्बेडकरः राजनीतिविज्ञानविभागस्य स्नातकाध्ययनक्रमे प्रवेशं प्राप्तम्। षोडशाधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (1916ई0) तस्य शोधायतं पी0एच0डी0 उपाधिना सम्मानितमकरोत्। सः इदं शोधं पुस्तक 'इवोल्युशन ऑफ प्रोविन्शिअल फिनान्स इन ब्रिटिश इण्डिया' एतत् रूपे प्रकाशितं कारितवान्। सः स्व पी0एच0डी0 इत्युपाधिं नीत्वा षोडशाधिकैकोनविंशति शततमे खीष्टाब्दे (1916ई0) डॉ0 आम्बेडकरः लन्दननगरमगच्छत्। यत्र सः ग्रेज् इन एवं लन्दन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स इति विषये नियमस्य (कानून) अध्ययनायार्थशास्त्रे च डॉक्टरेट इत्युपाधये स्वनामोल्लेखं कारितवान्। अग्रिमवर्षे छात्रवृत्तिसमाप्तेः कारणात् सः स्वाध्ययनं परित्यज्य भारतं प्रत्यागच्छत्। प्रथमविश्वयुद्धस्य कालोयमासीत्। बड़ौदाराज्यस्य

सेनासचिवरूपे कार्यं कुर्वन् स्वजीवने आकस्मिकमुपस्थितां समस्यां दृष्ट्वा तस्य मनो तत्र नारमत्। स्ववृत्तिकां त्यक्त्वा सः व्यक्तिगतशिक्षक– लेखाकाररूपे कार्यं कर्त्तुमारभत्। सः स्ववैदेशिकमित्रस्य पूर्वराज्यपाल लॉड सिडेनम महोदयस्य कारणात् मुम्बईस्थितः 'सिडेनम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एण्ड एकॉनोमिक्स' इति विद्यालये राजनीतिक अर्थव्यवस्थायाः आचार्यरुपे (प्रोफेसर) आजीविकां लब्धवान्। विंशत्यधिकैकोनविंशतिशततमे (1920) खीष्टाब्दे कोल्हापुरनगरस्य महाराजा स्व– पारसीमित्रसहयेन सः इंग्लैण्डदेशं प्रति गन्तुं समर्थोऽभवत्। त्रयोविंशत्यधिकैकोनविंशतिशततमे (1923) खीष्टाब्दे सः स्वशोधं 'रूप्यकाणां समस्या' (प्रोब्लेम्स ऑफ द रूपी) सम्पूरितवान्। सः लन्दनविश्वविद्यालयात् 'डॉक्टर ऑफसाइन्स' इत्युपाधिमलभत्। यदा सः नियमस्य (कानून) अध्ययनं सम्पूर्य सः 'ब्रिटिशबार' इति संस्थाने बैरिस्टररूपे प्रवेशमलभत्। भारतप्रत्यागमनकाले डॉ0 भीमराव आम्बेडकरः त्रयोमासपर्यन्तं जर्मनीदेशे स्थितः। तत्र सः अर्थशास्त्रस्याध्ययनं 'बॉन विश्व विद्यालये' कृतवान्। सः जूनमासस्य अष्टमे दिनांके सप्तविंशति–अधिकैकोनविंशति खीष्टाब्दे (8 जून, 1927 ई0) कोलम्बिया विश्वविद्यालयतः पी0एच0डी0 उपाधिमलभत्।

विंशत्यधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (1920 ई0) मुम्बईनगरात् सः साप्ताहिकमूकनायकपत्रिकां प्रकाशितवान्। सा पत्रिका सत्वरगत्या जनानां मनसि स्थानं स्थापितवान्। अस्याः पत्रिकायाः कार्यं सः रूढ़िवादीहिन्दूनेतृन् जातीयविभेदं दूरीकरणमकरोत्। दलितसमाजस्यैके सम्मेलने अस्य व्याख्यानेन प्रभावितो स्थानीयशासकः शाहूः चतुर्थः अम्बेडकरमहोदयेन सह भुक्तवान्। तस्य भोजनेन रूढ़िवादीसमाजे कोलाहलमजायत्। आम्बेडकरः लब्धप्रतिष्ठः प्राड्विवाको संजातः अनन्तरं सः बहिष्कृतहितकारिणीसभां स्थापयामास, यस्योद्देश्यं दलितवर्गेषु शिक्षायाः प्रचारप्रसारं एवं तेषां कृते सामाजिक–आर्थिक उन्नतये कार्यं प्रधानमासीत्। महानुभावोऽयं अस्पृश्यतां दूरीकरणार्थं व्यापकं आन्दोलनमसञ्चालयत्। तस्योद्देश्यं स्पर्शास्पर्शदूरीकरणं अस्पृश्यानां देवालयं प्रत्यागमनं तेषां पेयजलसमस्यां समाधानमाद्यासीत्। स्वल्पैव दिवसैव सः डॉ0 आम्बेडकरः प्रख्यातदलितनेता अभवत्। सः मुख्यधारायां महत्त्वपूर्णराजनीतिकदलस्य जातेः व्यवस्थायाः उन्मूलनार्थं प्रति कथितोदासीनतायाः कट्वालोचनामकरोत्। अयं ब्रिटिशशासनस्य विफलतयापि असन्तुष्टः आसीत्। सः अस्पृश्य समुदायस्य कृते पृथक् राजनीतिक परिचयस्य विचारधारां स्थापितवान्। येषु कांग्रेसस्य ब्रिटिश शासनस्य च हस्तक्षेपः न स्यात्।

अक्टूबरमासस्य त्रयोदशदिनांके पंचत्रिंशत् अधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (13 अक्टूबर 1935 ई0) अयं विधिमहाविद्यालये प्रधानाचार्यपदे नियुक्तवान्। प्रधानाचार्यरूपे अयं वर्षद्वयं कार्यमकरोत्। अस्मिन्नेव वर्षे अस्य भार्या काल कवलिता संजाता। अस्य भार्या तीर्थयात्रायै गन्तुमिच्छति स्म परञ्चायं तां नादिशत्। तस्य चिन्तनमासीत् यत् तत्र गमनं निष्फलं यत्र तस्याः सम्मानं न स्यात्। अक्टूबरमासस्य त्रयोदशदिनांकेऽयं नासिकनामके स्थाने एकस्मिन् सम्मेलने भाषणमध्ये धर्मपरिवर्तनकर्तुं मन चकार। सः हिन्दूधर्मं परित्यक्तुं स्वानुयायीनमप्यप्रेरयत्। षट्त्रिंशताधिकैकोनविंशतशतितमे खष्टाब्दे (1936) अयं 'स्वतन्त्र लेबर पार्टी' इति दलस्य स्नापनामकरोत्। केन्द्रीयविधानसभायाः निर्वाचने सः पंचदशस्थाने विजयं लब्धवान्। सः स्वपुस्तकं 'जातेः विनाशः' अपि अस्मिन्नेव वर्षे प्रकाशितवान् यत् न्यूयार्के लिखिते शोधपत्रस्योपरि आधारितमासीत्। भारतपाकिस्तानविभाजनकाले तस्य कथनमासीत् यत् कनाडानामके देशेऽपि साम्प्रदायिकविचारधारा सततं प्रचलति तदापि तत्र अंग्रेज–फ्रांसीसी सहैव निवसन्ति, अतः अस्मिन् देशे हिन्दू–मुस्लिमजनाः कथं न सहैव स्थातुं शक्नुवन्ति। तस्य चिन्तनमासीत् यत् देशनिर्माणस्य समाधानं अत्यन्तं दुष्करं भविष्यति। विशालजनसंख्यायाः स्थानान्तरणेन सह सीमा–विवादस्यापि समस्या स्थास्यति तस्य कथनं भारतस्य स्वतन्त्रतायाः पश्चात् हिंसा दृष्ट्वा समीचीनमेव प्रतिभाति।

अगस्तमासस्य पंचदशदिनांके सप्तचत्वारिंशत् अधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (15 अगस्त् 1947 ई0) भारतस्य स्वतन्त्रतायाः पश्चात् कांग्रेसदलस्य नेतृत्वे गठितस्य सर्वकारस्य अस्तित्वे डॉ0 भीमराव आम्बेडकरः देशस्य प्रथमो विधिमंत्री संजातः। अगस्त मासस्य एकोनत्रिंशत् दिनांके सप्तचत्वारिंशत् अधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (29 अगस्त 1947 ई0) डॉ0 भीमराव आम्बेडकरः स्वतन्त्रभारतस्य नवीनसंविधानस्य अध्यक्षः नियुक्तोऽभवत्। अयं समाननागरिकसंहितायाः पक्षधरः आसीत्।

पंचाशत् अधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (1950 ई0) अयं बौद्धधर्मं प्रत्याकर्षितोऽभूत्। बौद्धधर्मेण प्रभावितोऽयं बौद्धधर्मं स्वीकृतवान्। दिसम्बरमासस्य षट्दिनांके षट्पंचाशत् अधिकैकोनविंशतिशततमे खीष्टाब्दे (6 दिसम्बर, 1956 ई0) अस्य मृत्युः अभवत्।

अयं स्वजीवने बहूनि पुस्तकानि अरचयत्।

यथा– हू वर शुद्राज? दं बुद्धा एंड हिज धम्मा,
थाट्स ऑन पाकिस्तान, अनहिलेशन ऑफ कास्ट
द अनटचेबल, फिलोसफी ऑफ हिन्दूइज्म,
सोशल जस्टिस एंड पॉलिटिकल सेफगाड्र्स
फार डिप्रेस्ड क्लासेज,
गांधी एंड गांधीइज्म, इत्यादयः।

———

खण्ड 'क' (गद्य, पद्य तथा आशुपाठ) **35 अंक**

गद्य

1–गद्य का हिन्दी में ससन्दर्भ अनुवाद	2+5त्र7 अंक
2–पाठ सारांश	4 अंक

पद्य

1–पद्यांश की सन्दर्भसहित हिन्दी में व्याख्या	2+5त्र7 अंक
2–सूक्तियों की व्याख्या	1+2त्र3 अंक
3–श्लोक का संस्कृत में अर्थ	5 अंक

आशुपाठ–

1–पात्रों का चरित्र–चित्रण (हिन्दी में)	4 अंक
2–लघु उत्तरीय प्रश्न (संस्कृत में)	5 अंक

खण्ड 'ख' (व्याकरण, अनुवाद, रचना) **35**

अंक

व्याकरण–

1–माहेश्वर सूत्रों के आधार पर स्वर एवं व्यंजन का सामान्य ज्ञान तथा स्वर,एवं व्यंजन का सामान्य परिचय। 3 अंक

2–संधि– 3 अंक

1–स्वर संधि– अकःसवर्णे दीर्घः , आद्गुणः, इकोंयणचि, वृद्धिरेचि, एचोऽयवायावः

2–व्यंजन संधि– स्तोः श्चुना श्चुः, झलां जशोडन्ते, ष्टुनाष्टुः

3–शब्द रूप 3 अंक

पुल्लिङ्ग–राम, हरि, गुरु।

स्त्रीलिङ्ग–रमा, मति, वाच्।

नपुंसकलिङ्ग–सर्व, तद्, युष्मद् अस्मद्।

1 से 10 तक के संख्या शब्दों का ज्ञान।

4–धातुरूप– (लट्, लृट, लोट्, लङ्, तथा विधिलिङ् लकारो में)– 3 अंक

1–परस्मैपद–पठ्, गम्, अस्, शक्, प्रच्छ्।

2–आत्मनेपद–लभ्।

3–उभयपद–याच्, ग्रह्, कथ्।

5–समासकृसमास की सामान्य परिभाषा एवं विग्रह सहित उदाहरण– 03 अंक

तत्पुरुष, द्वन्द्व, कर्मधारय।

6–कारक–समस्त कारकों एवं विभक्तियों का सामान्य परिचय। 03 अंक

7–उपसर्ग का सामान्य परिचय। 02 अंक

अनुवाद–

हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद। 06 अंक

रचना–

1–पत्रलेखन। 05 अंक

2–संस्कृत शब्दों का संस्कृत वाक्यों में प्रयोग। 04 अंक

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें–

निम्नलिखित पाठ्य–पुस्तकों के सम्मुख अंकित पाठ्यवस्तु (माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित अंश का अध्ययन करना होगा)

संस्कृत गद्य भारती–

संस्कृत गद्य साहित्य का विकास

माङ्गलिकम्।

1–अस्माकं राष्ट्रिय प्रतीकानि।

2–आदिकविः बाल्मीकिः

3–बंधुत्वस्य सन्देष्टा रविदासः।

4–आजादः चन्द्रशेखरः।

5–भारतवर्षम्।

6–परमवीरः अब्दुलहमीदः।

7–पुण्यसलिला गङ्गा।

8–पर्यावरण शुद्धिः।

9–अन्तरिक्षं विज्ञानम्।

10–भारतीय संविधानस्य निर्माता डॉ0भीम राव अम्बेडकरः।

संस्कृत पद्य पीयूषम्–

मंगलाचरणम्।

1–रामस्य पितृ भक्ति।

2–सुभाषितानि।

3–अन्योक्ति–मौक्तिकानि।

4–भारतदेशः।

5–नारी–महिमा।

6–कियाकारककुतूहलम्।

7–नीतिनवीनतम्।

8–यक्षयुधिष्ठिरसंलापः।

9–आरोग्यसाधनानि।

परिशिष्ट (टिप्पणी एवं पाठ सारांश)

कथा नाटक कौमुदी–

1गार्गी याज्ञवल्क्य संवादः।

2–वत्सराजनिग्रहः।

3–न गङ्गदत्तः पुनरेति कूपम्।

4–शकुन्तलायाः पतिगृहगमनम्।

संस्कृत व्याकरण–

1–क–माहेश्वर सूत्र एवं वर्णों का उच्चारण स्थान, 2 ङ

ख–सन्धि––स्वर, व्यंजन, विसर्ग सन्धियों का परिचय।

2–समास।

तत्पुरुष, कर्मधारय, द्वन्द्व।

3–कारक एवं विभक्ति।

4–अनुवाद।

1–सामान्य नियमों सहित अभ्यास।

2–कारक एवं विभक्ति ज्ञान।

3–अनुवाद अभ्यास।

5–अव्यय।

6–उपसर्ग।

7–शब्दरूप ।

संज्ञा, सर्वनाम तथा संख्यावाचक शब्दों के तीनों लिंगों में रूप।

8–धातुरूप–

परस्मैपद, आत्मनेपद तथा उभयपद में धातुओं के रूप।

9–संस्कृत पदों का वाक्यों में प्रयोग।

10–संस्कृतवाक्यशुद्धि।

11–संस्कृत में आवेदन–पत्र तथा निमंत्रण–पत्र।

आन्तरिक मूल्यांकन– अंक 30

शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक दो माह में– (अन्तिम सप्ताह में)

प्रथम–अगस्त माह में – अंक 10– वाचन (वाद–विवाद, भाषण, विचाराभिव्यक्ति आदि)

द्वितीय–अक्टूबर माह में –अंक 10 – (व्याकरण सम्बन्धी)

तृतीय–दिसम्बर माह में–अंक 10–सृजनात्मक (नाटक, कहानी, अभिव्यक्ति पत्र लेखन, आदि)

अंग्रेजी–कक्षा–9

Prose

.1- Marco Polo by Mir Nijabat Ali के स्थान पर Kabuliwala by R.N.Tagore को सम्मिलित किया गयाः–

Time clauses पर आधारित संवाद 'Resume' के स्थान पर संवाद 'At the saree shop सम्मिलित किया गया–

At the Saree Shop

(Time clauses)

(When, then, before, after, while)

A Lady goes to a saree shop.....

Salesman: Good morning madam!

Lady: Good morning. I want some silk sarees.

Salesman: Sure madam!

(He shows her sarees)

Lady: How beautiful sarees! Can I have a few more pieces of this pattern.

Salesman: Well madam, our new stock is arriving. Then I can give you more like this saree.

Lady: When is it arriving ?

Salesman: In a few days only.

Lady: I want it before 15th of this month.

Salesman: Sure madam. If you want you can call us after two days and we will inform you.

Lady: Ok.

Salesman: Madam, would you like to see cotton sarees also ?

Lady: Yes, why not.

(The salesman orders the assistant to bring cotton sarees)

Salesman: Madam, while the boy comes with the sarees you can have a look at the catalogue.

Lady: Ok.

Kabuliwallah

My five years old daughter Mini cannot live without chattering. I really believe that in all her life she has not wasted a minute in silence. Her mother is often vexed at this, and would stop her prattle, but I would not. To see Mini quiet is unnatural, and I cannot bear it long. So my own talk with her is always lively.

One morning, for instance, when I was in the midst of the seventeenth chapter of my new novel, my little Mini stole into the room, and putting her hand into mine, said, "Father! Ramdayal, the doorkeeper, calls a crow a krow! He doesn't know anything, does he?"

Before I could explain to her the differences of language in this world, she was embarked on the full tide of another subject."What do you think, Father? Bhola says there is an elephant in the clouds, blowing water out of his trunk, and that is why it rains!"

And then, darting off anew, while I sat still making ready some reply to this last saying, "Father! what relation is Mother to you?"

"My dear little sister in law!" I murmured involuntarily to myself, but with a grave face contrived to answer, "Go and play with Bhola, Mini! I am busy!"

The window of my room overlooks the road. The child had seated hereself at my feet near my table, and was playing softly, drumming on her knees. I was hard at work on my seventeenth chapter, where Protap Singh, the hero, had just caught Kanchanlata, the heroine, in his arms, and was about to escape with ther by the third storey window of the castle, when all of a sudden Mini left her play, and ran to the window, crying, "A Kabuliwallah! a Kabuliwallah!" Sure enough in the street below was a Kabuliwallah, passing slowly along. He wore the loose soiled clothing of his people, with a tall turban; there was a bag on his back, and he carried boxes of grapes in his hand.

I cannot tell what were my daughter's feelings at the sight of this man, but she began to call him loudly. "Ah!" I thought, "he will come in, and my seventeenth chapter will never be finished!" At which exact moment the Kabuliwallah turned, and looked up at the child. When she saw this, overcome by terror, she fled to her mother's protection, and disappeared. She had a blind belief that inside the bag, which the big man carried, there were perhaps two or three other children like herself. The pedlar meanwhile entered my doorway, and greeted me with a smiling face.

So precarious was the position of my hero and my heroine, that my first impulse was to stop and buy something, since the man had been called. I made some small purchases, and a conversation began about Abdurrahman, the Russians, the English, and the Frontier Policy.

As he was about to leave, he asked, "And where is the little girl, Sir?"

And I, thinkng that Mini must get rid of her false fear, had her brought out.

She stood by my chair, and looked at the Kabuliwallah and his bag. He offered her nuts and raisins, but she would not be tempted, and only clung the closer to me, with all her doubts increased.

This was their first meeting.

One morning, however, not many days later, as I was leaving the house, I was startled to find Mini, seated on a bench near the door, laughing and talking, with the great Kabuliwallh at her feet. In all her life, it appeared; my small daughter had never found so patient a listener, save her father. And already the corner of her little sari was stuffed with almonds and raisins, the gift of her visitor, "Why did you give her those?", I

said, and taking out an eitht-anna bit, I handed it to him. The Man accepted the money without demur, and slipped it into his pocket.

Alas, on my return an hour later, I found the unfortunate coin had made twice its own worth of trouble! For the Kabuliwallah had given it to Mini, and her mother catching sight of the bright round object, had pounced on the child with, "Where did you get that eight-anna bit?"

"The Kabuliwallah gave it to me," said Mini cheerfully.

"The Kabuliwallah gave it to me!" cried her mother much shocked. "Oh, Mini! how could you take it from him?"

I, entering at the moment, saved her from impending disaster, and proceeded to make my own inquiries.

It was not the first or second time, I found, that the two had met. The Kabuliwallah had overcome the child's first terror by a judicious bribery of nuts and almonds, and the two were now great friends.

They had many quaint jokes, which afforded them much amusement. Seated in front of him, looking down on his gigantic frame in all her tiny dignity, Mini could ripple her face with laughter, and begin, "O Kabuliwallah, Kabuliwallah, what have you got in your bag?"

And he would reply, in the nasal accents of the mountaineer, "An elephant!" Not much cause for merriment, perhaps; but how they both enjoyed the witticism! And for me, this child's talk with a grown-up man had always in it something strangely fascinating.

Then the Kabuliwallah, not to be behindhand, would take his turn, "Well, little one, and when are you going to the father-in-law's house?"

Now most small Bengali maidens have heard long ago about the father-in-law's house; but we, being a little new-fangled, had kept these things from our child, and Mini at this question must have been a trifle bewildered. But she would not show it, and with ready tact replied, "Are you going there?"

Amongst men of the Kabuliwallah's class, however, it is well known that the words father-in-law's house have a double meaning. It is a euphemism for jail, the place where we are well cared for, at no expense to ourselves. In this sense would the sturdy pedlar take my daughter's question. "Ah," he would say, shaking his fist at an invisible policeman, "I will trash my father-in-law!" Hearing this, and picturing the poor discomfited relative, Mini would go off into peals of laughter, in which her formidable friend would join.

These were autumn mornings, the very time of year when kings of old went forth to conquest; and I, never stirring from my little corner in Calcutta, would let my mind wander over the whole world. At the very name of another country, my heart would go out to it, and at the sight of a foreigner in the streets, I would fall to weaving a network of dreams, --the mountains, the glens, and the forests of his distant home, with his cottage in its setting, and the free and independent life of far-away wilds.

Perhaps the scenes of travel conjure themselves up before me, and pass and repass in my imagination all the more vividly, because I lead such a vegetable existence, that a call to travel would fall upon me like a thunderbolt.

In the presence of this Kabuliwallah, I was immediately transported to the foot of arid mountain peaks, with narrow little defiles twisting in and out amongst their towering heights. I could see the string of camels bearing the merchandise, and the company of turbaned merchants, carrying some of their queer old firearms, and some of their spears, journeying downward towards the plains. I could see-but at some such point Mini's mother would intervene, imploring me to "beware of that man."

Mini's mother is unfortunately a very timid lady. Whenever she hears a noise in the street, or sees people coming towards the house, she always jumps to the conclusion that they are either thieves, or drunkards, or snakes, or tigers, or malaria or cockroaches, or caterpillars, or an English sailor. Even after all these years of

experience, she is not able to overcome her terror. So she was full of doubts about the Kabuliwallah, and used to beg me to keep a watchful eye on him.

I tried to laugh her fear gently away, but then she would turn round on me seriously, and ask me solemn questions.

Were children never kidnapped?

Was it, then, not true that there was slavery in Kabul?

Was it so very absurd that this big man should be able to carry off a tiny child?

I urged that, though not impossible, it was highly improbable. But this was not enough, and her dread persisted. As it was indefinite, however, it did not seem right to forbid the man in the house, and the intimacy went on unchecked.

Once a year in the middle of January Rahmat, the Kabuliwallah, was in the habit of returning to his country, and as the time approached he would be very busy, going from house to house collecting his debts. This year, however, he could always find time to come and see Mini. It would have seemed to an outsider that there was some conspiracy between the two, for when he could not come in the morning, he would appear in the evening.

Even to me it was a little startling now and then, in the corner of a dark room, suddenly to surprise this tall, loose-garmented, much be-bagged man; but when Mini would run in smiling, with her, "O! Kabuliwallah! Kabuliwallah!" and the two friends, so far apart in age, would subside into their old laughter and their old jokes, I felt reassured.

One morning, a few days before he had made up his mind to go, I was correcting my proof sheets in my study. It was chilly weather. Through the window the rays of the sun touched my feet, and the slight warmth was very welcome. It was almost eight o'clock, and the early pedestrians were returning home, with their heads covered. All at once, I heard an uproar in the street, and, looking out, saw Rahmat being led away bound between two policemen, and behind them a crowd of curious boys. There were blood-stains on the clothes of the Kabuliwallah, and one of the policemen carried a knife.

Hurrying out, I stopped them, and enquired what it all meant. Partly from one, partly from another, I gathered that a certain neighbour had owed the pedlar something for a Rampuri shawl, but had falsely denied having bought it, and that in the course of the quarrel, Rahmat had struck him. Now in the heat of his excitement, the prisoner began calling his enemy all sorts of names, when suddenly in the verandah of my house appeared my little Mini, with her usual exclamation, "O Kabuliwallah! Kabuliwallah!" Rahmat's face lighted up as he turned to her. He had no bag under his arm today, so she could not discuss the elephant with him. She at once therefore proceeded to the next question, "Are you going to the father-in-law's house?" Rahmat laughed and said, "Just there I am going, little one!" Then seeing that the reply did not amuse the child, he held up his fettered hands. "Ali," he said, "I would have thrashed that old father-in-law, but my hands are bound!"

On a charge of murderous assault, Rahmat was sentenced to some years imprisonment.

